तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 गांधी-शास्त्री जयंती पर महापुरुषों को नमन, श्रमिकों का सम्मान



## खबर संक्षेप

### बच्चों को मिला स्वास्थ्य स्वच्छता का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत प्राथमिक शाला मोरगा में विगत 28 सितंबर 2026 को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर में डॉ. विवेक कुमार द्विवेदी एवं डॉ. विशाल कुमार अहिरवार द्वारा बच्चों को आयुर्वेद एवं आयुष से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में होने वाली सामान्य बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया।

### 6 वीं प्रवेश के लिए काउंसिलिंग तिथि तय

**सोनहत।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घुघरा सोनहत, जिला कोरिया छ.ग. में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए तृतीय चरण की काउंसलिंग के उपरांत ब्लॉक कोटा (विकास खंड) के अंतर्गत केवल सोनहत ब्लॉक के शेष पात्र विद्यार्थियों (तृतीय चरण की काउंसलिंग की सूची के अनुसार) को प्रवेश प्रक्रिया के लिए विद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोन के माध्यम से कॉल किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 03 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2026 तक काउंसलिंग की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी तथा 08 एवं 09 अक्टूबर 2026 को प्रवेश प्रदान किया जाएगा।

### नए युवा मतदाताओं का पंजीकरण, चलेगा अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में छूटे हुए पात्र नागरिकों एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान ऐसे पात्र नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसका नाम पात्रता के बावजूद अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन रखते हुए पात्र नागरिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाना है। इसके अंतर्गत पहली बार मतदाता बनने की पात्रता प्राप्त करने वाले युवाओं के साथ ऐसे अन्य पात्र नागरिक भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर एवं तालुका विधिक सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में लायंस वृद्धाश्रम मनेन्द्रगढ़ तथा व्यवहार न्यायालय परिसर मनेन्द्रगढ़ में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों एवं उनके लिए उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में न्यायाधीशगण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2016 के अंतर्गत मिलने वाली विधिक सहायता एवं सेवाओं के बारे में बताया गया।

### 4.22 करोड़ की एसटीपी परियोजना का प्रभारी मंत्री ने किया भूमिपूजन

# शिवपुर-चरचा के विकास में संसाधनों की कमी नहीं होगी: नेताम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/चरचा कॉलरी

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र में 4 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि शिवपुर-चरचा के विकास के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनअपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री श्री नेताम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत काजू का पौधा रोपित किया।

बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत एसटीपी निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। गांधी जी के सपनों के स्वस्थ, स्वच्छ और सुंदर देश के निर्माण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा। स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे व्यवहार और दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। विधायक श्री राजवाड़े ने कार्यक्रम के दौरान बेल का पौधा रोपित किया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि एसटीपी परियोजना शिवपुर-चरचा के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित कार्य है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के सहयोग से परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध हो पाई है। उन्होंने नगर पालिका को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना का लाभ क्षेत्रवासियों को जल्द मिल सके। परियोजना की शासन स्तर पर भी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि एसटीपी के निर्माण से सीवेज के उचित उपचार में मदद मिलेगी तथा जल प्रदूषण में कमी आने के साथ झुमका क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता और स्वच्छता में भी सुधार की उम्मीद है।

कलेक्टर ने कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और जीवित रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने वन विभाग और नगर पालिका से पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग तथा नियमित देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि लगाए गए पौधे विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। कलेक्टर श्रीमती यादव ने बिही का पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने आंवला तथा केबी जायसवाल ने आम का पौधा रोपित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास, जिला वनमण्डलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह परदेशी, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल एवं उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान छठघाट परिसर में वृक्षारोपण और स्वच्छता गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, कमलेश शर्मा, तीरथ राजवाड़े, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान, पार्षदगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने किया दिव्यांग विद्यालय का औचक निरीक्षण

सशक्त एमसीबी-सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में जनसेवा, संवेदनशीलता और जरूरतमंदों तक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी क्रम में गांधी जयंती के अवसर पर जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मनेन्द्रगढ़ स्थित एमसीबी जिला नेत्रहीन, विकलांग शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, भोजन, आवासीय सुविधाओं एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह से प्रभावित होकर प्रभारी मंत्री ने संस्था के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए एक लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। साथ ही बच्चों के लिए साउंड सिस्टम बॉक्स तथा फल-फूल भी भेंट किए। इस दौरान उन्होंने संस्था की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार श्रुति धुर्वे, जिला संगठन प्रभारी एमसीबी बाबूलाल अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, प्राचार्य संतोष चढ़ोकर, शिक्षक राकेश गुप्ता, गोपाल तिवारी, रामनाथ, रामनारायण सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विद्यालय पहुंचने पर नेत्रहीन बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर प्रभारी मंत्री सहित सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। बच्चों ने संगीत के साथ रामायण का पाठ प्रस्तुत किया और सुंदरकांड की चौपाई सुना कर सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही बच्चों ने जीव-जंतुओं की अलग-अलग आवाजें निकालकर अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुति में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिभा देखकर उपस्थित अतिथियों ने उनकी सराहना की। बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित प्रभारी मंत्री ने कहा कि उनके लिए यह अवसर बेहद भावुक और यादगार है। बच्चों के बीच आकर उनसे मिलने, बैठने और चर्चा करने का अवसर मिलना उनके लिए आत्मीय खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का जो जज्बा है, वह किसी से कम नहीं है।



### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर भी माल्यार्पण किया। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। गांधी जी के विचार आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### आदिवासी कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज मनेन्द्रगढ़ स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले, कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर नम्रता डोगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, विजयेंद्र सारथी सहित तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता और पूर्व पीएम की जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया



**बैकुण्ठपुर।** 2 अक्टूबर को हम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हैं। यह दिन न केवल भारत के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह विश्व स्तर पर भी शांति और अहिंसा का प्रतीक है।

कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता देश की आजादी के महानायकों को याद करते हुए कहा की महात्मा गांधी का जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, सत्य और अहिंसा से विजय प्राप्त की जा सकती है। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। गांधी जयंती पर हम सभी उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और समावेशी समाज के निर्माण में योगदान दें। तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी का सादा जीवन, कर्तव्यनिष्ठा, और जय जवान, जय किसान का संदेश आज भी हमें देश सेवा और सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। उनका सरल, सहज जीवन सदैव हम सभी को मां भारती की सेवा में समर्पित रहने की शिक्षा प्रदान करता रहेगा। इस दिन को मनाते हुए हमें उनके आदर्शों को ⏭शेष पेज 2 पर

## गर्ल्स स्कूल में गूंजा स्वच्छता का संकल्प, छात्राओं ने किया श्रमदान




**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविका छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य ए.एल. गुप्ता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शाइस्ता अंजुम अली के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। छात्राओं ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ ही आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा गांव एवं शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ ली। छात्राओं ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। विद्यालय प्राचार्य एवं एनएसएस प्रभारी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें स्वच्छता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को स्मरण करते हुए स्वच्छता एवं सेवा के संकल्प को उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

## जयंती पर पुलिस जवानों ने लगाई झाड़ू, चलाया वृहद स्वच्छता अभियान



**जनकपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को स्वच्छता का संदेश केवल नारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पुलिस जवान खुद हाथों में झाड़ू लेकर सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते नजर आए।

गांधी जयंती पर आयोजित स्वच्छता अभियान में पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों को झाड़ू लगाते देखकर बाजार में मौजूद लोगों का भी ध्यान अभियान की ओर आकर्षित हुआ। अभियान के दौरान पुलिस जवानों ने बाजार क्षेत्र एवं आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर फैले कचरे को एकत्रित किया और लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। घर, दुकान और प्रतिष्ठान के आसपास स्वच्छता रखने के साथ सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की गई। गांधी जयंती के मौके पर पुलिस की यह पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। आमतौर पर कानून-व्यवस्था संभालने वाली पुलिस जब झाड़ू लेकर सफाई में जुटी तो अभियान का संदेश और प्रभाव दोनों नजर आया। पुलिस जवानों ने श्रमदान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वच्छता अभियान में कोई काम छोटा-बड़ा ⏭शेष पेज 2 पर

### 5,377 अभ्यर्थी होंगे शामिल, प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य

# कोरिया के 37 केन्द्रों पर होगी राज्य पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट-26) का आयोजन 4 अक्टूबर 2026, रविवार को किया जाएगा।

**■ परीक्षा केंद्र पर दो घंटे पहले पहुंचने के निर्देश**

बैकुंठपुर में परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 5,377 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक होगी। परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए निर्धारित केंद्रों पर



अधिकारियों को ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। परीक्षा की गोपनीय सामग्री जिला कोषालय, बैकुंठपुर में सुरक्षित रखी गई है। नियुक्त ऑब्जर्वरों को निर्धारित समय पर जिला कोषालय से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर संबंधित परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम पाली के लिए ऑब्जर्वरों को प्रातः 7:30 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए पूर्वाह्न 11:30 बजे जिला कोषालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था ⏭शेष पेज 2 पर

### अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट निकालकर परीक्षा केंद्र में साथ लाना होगा। प्रवेश पत्र डाक के माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। परीक्षा केंद्र पर मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके लिए मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा आधार कार्ड में से कोई एक मूल पहचान पत्र साथ लाना होगा। पहचान सत्यापन के बाद फ्रिस्किंग की प्रक्रिया की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम पाली के लिए परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सितम्बर माह में 11 कोल कामगार ड्यूटी से हुए रिटायर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदानों व कर्मशालाओं में पदस्थ 11 कोल अधिकारी व कर्मचारी बुधवार 30 सितंबर को कम्पनी ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त कामगारों के सम्मान में यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को भावभीनी विदाई दी गई,सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मियों में डिप्टी मैनेजर माइनिंग सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव,ऑफिस सुप्रिटेंडेंट जयनंदन, सर्पोट मिस्त्री बागर राम,सीनियर डाटा एँट्री ऑपरेटर चंचल पॉल,सीनियर क्लर्क वी.के गुप्ता,टेंडल जमादार शिवशंकर साहू,पति राम जनरल असिस्टेंट,शोभित राम पंप ऑपरेटर,कामदेव सिंह फोरमैन इंचार्ज इलेक्ट्रिकल,सजल मित्रा केटेगरी 6 एवं वेल्डर रामलाल पटेल के नाम शामिल हैं।

### आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण व स्वास्थ्य की दी गई जानकारी



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत पोड़ी खास में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को पोषण, स्वस्थ खान-पान तथा बेहतर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रूप से गोद भराई कार्यक्रम कराया गया और उन्हें पोषण थैली दिया गया वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर माया तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूबाला सिंह, दीपा सिंह, लक्ष्मी सिंह, उप सरपंच सोनकुमारी,आरती दास, ममता देवांगन, पूनम, कंचन एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाया गया शिविर, हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड



**सोनगरा।** नगर पंचायत जरही में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसमस्या निवारण एवं जन सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े और सीएमओ दयाशंकर गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित शिविर में नागरिकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदन भरवाए गए। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी और शुगर की जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर के माध्यम से वार्ड वासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, तरंग मित्तल एवं मुकेश मिंज उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत सरहरी में आंगन मिलन कार्यक्रम, 7 महिलाओं की गोद भराई



**पोड़ीमोड़।** ग्राम पंचायत सरहरी के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं ने पंचायत भवन में आंगन मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा सिंह ने गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी तथा समय-समय पर टीका लगवाने के लिए की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने खानपान में हरे साग भाजी का उपयोग हमेशा करना चाहिए जिससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होती है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को भी बताया जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदना योजना सुकन्या समृद्धि योजना शामिल है। ग्रामीण स्तर पर निरंतर सेवा सेवा देने के उपलक्ष में कार्यकर्ताओं सहायिका एवं मितानिन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नंदा यादव, प्रेमचंद कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, राम शरण कुशवाहा, शिवचरण सोनपाकर,श्रीमती राधिका नापित, मानकुंवर सिंह, कांति कुशवाहा, रुक्मणी कुशवाहा, लता कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 66 अमृत सरोवरों पर भी चला सफाई अभियान

# स्वच्छता के लिए एकजुट हुआ कोरिया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सशक्त समाज की बुनियाद माना था। इसी विचार को व्यवहार में उतारते हुए गांधी जयंती के अवसर पर कोरिया जिले में सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत व्यापक जनभागीदारी से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के आह्वान पर ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों, शासकीय-अशासकीय संस्थानों और अस्पतालों तक लोगों ने एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की।

अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को केवल आयोजन तक सीमित न रखते हुए दैनिक जीवन की आदत और सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में विकसित करना रहा। स्वच्छता ही सेवा के संदेश के साथ जिले के सभी 66 अमृत सरोवरों के तटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दामुज, लब्जी, भांडी, बैमा, चंपाझर, रटगा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित अमृत सरोवरों के आसपास साफ-सफाई की गई। अभियान में स्वच्छताग्राही महिला समूहों, विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों और स्थानीय ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। जलस्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा सार्वजनिक परिसरों को साफ-सुथरा रखने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक नागरिकों से अपने आसपास के चिन्हित सार्वजनिक स्थलों की सफाई में सक्रिय भागीदारी की अपील की थी। गांधी जयंती पर इसका व्यापक असर देखने को मिला। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के छठघाट, नगर पंचायत पटना तथा नगर पालिका बैकुंठपुर सहित विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में भी सफाई अभियान चलाया गया।



### स्वच्छ भारत अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान

**बैकुण्ठपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में सेवा संकल्प एवं स्वच्छ भारत अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। कैडेट्स ने विद्यालय परिसर स्थित मिनी स्टेडियम में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे की साफ-सफाई की। इसके साथ ही पेड़ों की छंटाई कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एसके के मार्गदर्शन एवं एडम अधिकारी कर्नल अमित यादव के निर्देशन में किया गया। एनसीसी चीफ ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए अभियान में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या विशेष अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत और सामाजिक जिम्मेदारी बनाना आवश्यक है। एनसीसी कैडेट्स अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कैडेट्स से अपने परिवार, विद्यालय और समाज के लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में शासकीय रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने एनसीसी कैडेट्स



को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कैडेट्स ने प्रत्येक वर्ष कम से कम 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने, घर, विद्यालय एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वयं गंदगी नहीं करने और दूसरों को भी गंदगी नहीं करने देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शासकीय आत्मानंद विद्यालय महलपारा के प्राचार्य राजीव जायसवाल, सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं साहित्यकार गीता प्रसाद नेमा, सम्यक क्रांति के ब्यूरो चीफ एवं समाजसेवी संपर्क कुमार रूप, पार्षद मनीष सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



## ग्राम सभा के हर निर्णय से तय होगी गांव के विकास की दिशा

**बैकुण्ठपुर।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास के मार्गदर्शन में आयोजित ग्राम सभाओं में विकसित भारत ग्राम पंचायत प्लान, आगामी पांच वर्षों की विकास कार्ययोजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 पर ग्रामीणों से संवाद किया गया।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि ग्राम सभा गांव के विकास, कार्ययोजना और भावी जरूरतों पर सामूहिक विमर्श का महत्वपूर्ण मंच है। ग्राम सभा में पंचायत पदाधिकारियों के साथ ग्रामवासियों की सहभागिता और सामूहिक सहमति से गांव की बुनियादी आवश्यकताओं पर गंभीरता से विचार कर विकास की प्राथमिकताएं तय की जानी चाहिए। जिला पंचायत सीईओ योगेंद्र श्रीवास ने ग्राम पंचायत मनसुख पहुंचकर ग्राम सभा में सहभागिता की और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास की दिशा तय करने में ग्राम सभा के निर्णय महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं और सुझावों के साथ ग्राम सभा में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि विकास कार्य स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तय किए जा सकें। उन्होंने बताया कि विकसित भारत ग्राम पंचायत प्लान के तहत आगामी पांच वर्षों के लिए गांव की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग की सहभागिता के साथ स्थानीय संसाधनों और भविष्य की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

### शिक्षकों की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्रपुर को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संगठन मंत्री मणि प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ, लंबित एरियर्स और अवकाश प्रविष्टियों से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष अंचल यादव ने बताया कि रामचंद्रपुर विकासखंड के शिक्षक लंबे समय से विभिन्न सेवा संबंधी कार्यों और लंबित भुगतानों को लेकर परेशान हैं।

## मेगा हेल्थ कैंप में 1965 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

सशक्त एमसीबी-सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत चिरमिरी के पोड़ी स्थित मंगल भवन में आयोजित दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और कुल 1965 लोगों की ओपीडी दर्ज की गई। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्थानीय स्तर पर मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। 30 सितंबर को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुए इस दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप में जिलेवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जांच, उपचार एवं परामर्श के साथ आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने की पहल भी की गई।

मेगा हेल्थ कैंप की विशेषता यह रही कि विभिन्न गंभीर एवं जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिलेवासियों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हुआ। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चिरमिरी में ही मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर उपचार संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। इससे मरीजों एवं उनके परिजनों को रायपुर अथवा अन्य बड़े शहरों तक जाने में लगने वाले समय, श्रम और यात्रा व्यय से राहत मिली। शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, कैंसर, यूरोलॉजी, शल्य चिकित्सा, अस्थि रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, नेत्र रोग, चर्म रोग एवं ईएनटी सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहीं। संबंधित विशेषज्ञों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं के आधार पर आवश्यक जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया।



### रक्तदान जागरूकता रैली निकाल छात्राओं ने दिया महादान का संदेश



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 1 अक्टूबर को रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना था। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप एवं कार्यक्रम अधिकारी कनकलता पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं, यूथ रेडक्रॉस की सदस्यों एवं महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राएं हाथों में जागरूकता तख्तियां एवं बैनर लेकर रक्तदान से संबंधित नारे लगाते हुए निकलीं। रैली महाविद्यालय परिसर से ग्राम तलवापारा, बावसपारा, होटल राम सेतु के पास से संजयनगर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के रास्ते वापस महाविद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्राओं ने स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं को रक्तदान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में सिकल सेल से पीड़ित मरीजों, दुर्घटनाग्रस्त लोगों एवं गर्भवती महिलाओं सहित अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार में रक्त की उपलब्धता महत्वपूर्ण होती है।

## पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए कोरिया से 6 स्वयंसेवक चयनित

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026-27 के लिए जिला स्तरीय चयन कार्यक्रम का आयोजन मिनी स्टेडियम, रामानुज विद्यालय ग्राउंड बैकुण्ठपुर में किया गया। चयन प्रक्रिया में कोरिया एवं एमसीबी जिले के रासेयो इकाई वाले महाविद्यालयों से चयनित स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी के संरक्षण, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.एन. पाण्डेय के निर्देश तथा अग्रणी महाविद्यालय कोरिया के प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ. एम.सी. हिमधर के संयोजन में चयन प्रक्रिया पूरी की गई। चयन समिति में संजीव कुमार जायसवाल, एनसीसी अधिकारी मोहम्मद इम्तियाज अली, क्रीड़ा अधिकारी अनुरंजन कुजूर एवं गणतंत्र दिवस परेड में शामिल रहे वरिष्ठ स्वयंसेवक सुनील कुमार शर्मा शामिल रहे। स्वयंसेवकों का चयन परेड, कमांडिंग, दौड़, शारीरिक परीक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदर्शन के आधार पर



किया गया। चयनित स्वयंसेवकों में पं. जे.पी. उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना से राहुल कुशवाहा एवं संजीव कुमार, शासकीय रामानुज प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर से विनय एवं संजना तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर से निशा बखला एवं लक्ष्मी शामिल हैं। जिले से चयनित ये स्वयंसेवक 8 अक्टूबर को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के खेल मैदान परिसर में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां चयनित स्वयंसेवकों को आगे की चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ स्वयंसेवक सुनील कुमार शर्मा ने परेड के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य डॉ. रंजना निलिमा कच्छप, प्रो. शिवशंकर राजवाड़े, कार्यक्रम अधिकारी जयश्री प्रजापति, डॉ. बरखा सिंह, अनुरंजन कुजूर, कनकलता पैकरा, रासेयो कार्यक्रम सहायक मोहम्मद आरिफ ढेबर सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक अनुज राजवाड़े, तौफिक खान, श्रेयांश सोनी एवं आयुष ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राष्ट्रपिता और पूर्व...

अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। आइए, हम सब मिलकर शांति, सहिष्णुता और एकता के मार्ग पर आगे बढ़ें, ताकि हम उनके सपनों के भारत का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, बिहारी लाल राजवाड़े , अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, कृष कुमार राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह,रियाजउद्दीन, राजीव गुप्ता, दीपक गुप्ता, यूसुफ इराकी,रवि राजवाड़े संगीता राजवाड़े, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, अंकित गुप्ता, मनीष सिंह, धीरज शिवहरे, साहेब सिंह काकू, संत कुमार राजवाड़े, एवं अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### जयंती पर पुलिस...

नहीं होता। समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने सड़क किनारे तथा बाजार क्षेत्र में पड़े कचरे को हटाया। मौके पर मौजूद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन और समाज से जोड़ते हुए इसे महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी माना था। गांधी जयंती पर आयोजित यह अभियान उसी विचार को जमीन पर उतारने की पहल के रूप में देखा गया। पुलिस विभाग की ओर से श्रमदान के जरिए लोगों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि रोजमर्रा की आदत और सामूहिक जिम्मेदारी बननी चाहिए। पुलिस जवानों ने अभियान के दौरान स्वयं सफाई कर लोगों को प्रेरित किया। बाजार क्षेत्र में दुकानदारों और आम नागरिकों से भी अपने आसपास सफाई रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की गई।

### कोरिया के 37...

सुनिश्चित करने तथा परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। नियुक्त अधिकारियों के लिए 1 अक्टूबर को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में परीक्षा संबंधी प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया।

इन वस्तुओं को परीक्षा कक्ष में ले जाना प्रतिबंधित- अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने तथा कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षा के प्रथम आधे घंटे एवं अंतिम आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति भी नहीं होगी। निर्देशो का उल्लंघन करने अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक में आने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। जिला प्रशासन ने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों, केंद्र प्रभारियों एवं संबंधित विभागों को निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए परीक्षा का शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## रन फॉर डीएवी में दौड़े कदम विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह




जनकपुर। गांधी जयंती के अवसर पर डीएवी एमपीएस भगवानपुर, जनकपुर में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश देने के उद्देश्य से रन फॉर डीएवी 2 किलोमीटर मैराथन रेस का आयोजन किया गया। दौड़ में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जनपद पंचायत भरतपुर की अध्यक्ष माया प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोतीलाल मौर्य अति विशिष्ट अतिथि तथा भगवानपुर के पंच राजेश कुमार जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य समीर कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी आयोजन में सहभागिता की। मुख्य अतिथि माया प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में परिस्थितियां चाहे जैसी हों, व्यक्ति को कभी हार नहीं माननी चाहिए। लगातार प्रयास और मेहनत के माध्यम से ही सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपाध्यक्ष मोतीलाल मौर्य और प्राचार्य समीर कुमार ने भी विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं।

## वार्ड क्रमांक में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



चरचा कॉलरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में जनसेवा एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और विभागीय सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करना रहा। शिविर में नगर पालिका शिवपुर-चरचा सहित विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। इनमें जनसमस्या निवारण शिविर, राजस्व विभाग, पीएम सूर्य घर बिजली योजना, सेवा सेतु शिविर, आधार पंजीयन, सहकारिता विभाग, उप संचालक कृषि विभाग, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पशुधन विकास विभाग, बाल विवाह रोकथाम, एकीकृत बाल विकास परियोजना विभाग सहित आंगनबाड़ी केंद्रों के स्टॉल शामिल रहे। इन स्टॉलों के माध्यम से पहुंचे नागरिकों को संबंधित विभागों की योजनाओं, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला सीईओ योगेंद्र श्रीवास, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, दीपा राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, सफाई निरीक्षक हरीष जायसवाल सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।





# रहस्य और एक्शन से भरी है नई नवेली की कहानी

**मुंबई।** मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म 'नई नवेली' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। । 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।

## लाइफ Style

# रूहानी

## खूबसूरत हसीना का अनुष्का से है खून का रिश्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मैदान पर विराट के रिकॉर्ड और उपलब्धियों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई रिश्ते अब भी लोगों के लिए दिलचस्पी का विषय हैं। इसी बीच तेलुगु सिनेमा की एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस रूहानी शर्मा का एक पुराना दावा फिर चर्चा में है।

एक्ट्रेस ने खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताते हुए विराट कोहली को अपना जीजा कहा था। रूहानी शर्मा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ची ला सौ' से की थी। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रूहानी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। रूहानी शर्मा का जन्म 18 सितंबर 1994 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की। फिल्मों में आने के बाद उन्होंने तेलुगु और मलयालम सिनेमा में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। उनकी फिल्मों में हिटः द फर्स्ट केस, डर्टी हरी, 101 जिल्लाला अंदागाडू और सैंधव जैसे नाम शामिल हैं।' रूहानी शर्मा का विराट कोहली के साथ रिश्ता तब चर्चा में आया, जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताया था। इसी बातचीत में उन्होंने विराट कोहली को अपना जीजा भी कहा था। उनका कहना था कि वह अनुष्का शर्मा की कजिन हैं और इस रिश्ते की वजह से विराट उनके जीजू लगते हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# 32 साल छोटी गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अभिनेता जिम कैरी ने अपनी गर्लफ्रेंड मिन आह से शादी कर ली है। 64 साल के अभिनेता और उनकी 32 साल की मिन ने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी की। यह शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई। अभिनेता की शादी की खबर कैरी और मिन आह के अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के कुछ ही महीनों बाद आई है। उन्होंने इस साल फरवरी में पेरिस में सीजर अवाइर्स में एक साथ आकर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर किया था। अवार्ड शो में, कैरी को मानद सीजर अवार्ड मिला।



# जेम्स बॉन्ड सहित कई चर्चित फिल्मों में किया था काम

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश फिल्म एडिटर जॉन ग्रोवर का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। जॉन ग्रोवर को हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों को एडिट करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की छह फिल्मों पर काम किया था। इनमें फॉर योर आइज ओनली (1981), द लिविंग डेलाइट्स (1987) और लाइसेंस टू किल (1989) जैसी फिल्मों में उन्होंने मुख्य एडिटर की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने द स्पाई हू लव्ड मी, मूनरेकर और ऑक्टोपुसी जैसी फिल्मों को तैयार करने में भी मदद की थी। अपने शुरुआती करियर में जॉन ग्रोवर ने स्टैनली कुब्रिक की चर्चित फिल्म '2001- ए स्पेस ओडिसी' और डेविड लीन की 'डॉक्टर जिवागो' में अनक्रेडिटेड असिस्टेंट एडिटर के रूप में काम किया था। ब्रिटिश फिल्म एडिटर्स के लंबे समय तक वाइस चेयरमैन रहे ग्रोवर को अप्रैल में संगठन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।



# जेलर-2 का तीसरा गाना बिंदास रिलीज...

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का तीसरा गाना 'बिंदास'मेंकर्स ने रिलीज कर दिया है। साउथ की इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में नोरा फतेही काफी खास अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इस डांस नंबर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में नोरा फतेही काफी बोल्ड अवतार में दिखाई दे रही हैं। बिंदास गाने को अनिरुद्ध रविचंदर और दीप्ति सुरेश ने गाया है। फिल्म 'जेलर 2' के 12 गानों के एल्बम से यह तीसरा गाना रिलीज हुआ है। नोरा फतेही का यह गाना फिल्म के रिलीज की तरफ बढ़ते कदमों को दिखा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म 'जेलर 2' का एक हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।



# सबा के साथ शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के स्टार ऋतिक रोशन की इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस का ध्यान खींचा है। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने रिश्ते के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी पार्टनर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्स ने इस पर शानदार कमेंट कर रहे हैं। अभिनेता ने गुरुवार अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ बिताए पलों की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में ऋतिक और सबा को डूबते सूरज के सामने साथ खड़े देखा जा सकता है। एक और तस्वीर में कपल किसी एयरक्राफ्ट के अंदर सेल्फी के लिए पोज देते हुए दिख रहा है। एक और तस्वीर में वह समुद्र किनारे बैठे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने सबा आजाद के लिए एक प्यारा नोट लिखा है।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस 20 से अचानक बाहर हुईं रीति, उदिति- माही ने बिगाड़ा खेल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के घर में कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। शो में कंटेस्टेंट्स की रणनीति और रिश्तों के बीच हर दिन नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। शो में मिड-वीक एविक्शन हुआ, जिसमें रीति तिवारी का सफर अचानक खत्म हो गया। घर से बाहर निकलने वाली रिहति इस सीजन की पहली मिड-वीक एविक्टेड कंटेस्टेंट बनी हैं। उनका एविक्शन ऐसे समय हुआ, जब वह शो के जरिए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। दरअसल, हालिया टास्क में उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को एक खास 'वरदान' दिया गया। इस वरदान के तहत इन तीनों के पास किसी एक कंटेस्टेंट की लाइफलाइन छीनने का अधिकार था। यह फैसला घर के गेम पर बड़ा असर डाल सकता था, क्योंकि किसी कंटेस्टेंट की लाइफलाइन उसके शो में बने रहने की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। तीनों ने मिलकर रिहति तिवारी को निशाना बनाया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि रिहति पहले ही अपनी पहली लाइफ गंवा चुकी थीं। ऐसे में उनकी बची हुई लाइफलाइन भी छिन जाने के बाद उनके पास शो में टिके रहने का रास्ता नहीं बचा। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपना सामान पैक करके बिग बॉस का घर छोड़ना पड़ा। रीति तिवारी ने 'बिग बॉस 20' में अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की थी। शो में आने के पीछे उनका सपना खुद को एक रॉकस्टार के तौर पर स्थापित करना भी था। हालांकि उनका सफर उम्मीद के मुताबिक लंबा नहीं चल सका। मिड-वीक एविक्शन ने उनके इस सफर को अचानक रोक दिया।



## केबीसी 18 के सेट पर बिग बी को लगी चोट

**नई दिल्ली।** बीते दिन अमिताभ बच्चन के साथ कौन बनेगा करोड़पति 18 के सेट पर हादसा हुआ। सर्दी के महानायक को शूटिंग के दौरान काफी चोट आई, जिससे उनके फैंस काफी परेशान हो गए। अभिनेता ने अब हाल ही में अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को हेल्थ अपडेट दी है। अमिताभ बच्चन ने अपने स्वास्थ्य पर अपटेड देते हुए बताया कि बीते दिन उन्होंने बैठकर ही अपने शो की ओपनिंग की। एक्टर बोले, 'आम तौर पर मैं सेंटर में खड़े होकर अपने शो का मोनोलॉग बोलता हूं, लेकिन आज मुझे घुटने में चोट लग गई है। बीते दिन शूट के दौरान, मैं गिर गया था और मेरे घुटने पर कई चोटें आईं।' इस दौरान अभिनेता ने अपने घुटने की तरफ इशारा करते हुए इंजरी के बारे में बताया। जब बिग बी स्टूडियो से बाहर आ रहे थे उस दौरान वह थोड़ा लड़खड़ा रहे थे, जिसे देखकर फैंस थोड़े चिंतित हो गए थे।



# हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पूरी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

*राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म 2028 में रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि डायरेक्टर अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और जल्दी ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।*

**मुंबई।** हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री' फ्रैंचाइजी का एक और चैप्टर दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। हाल ही में प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग को लेकर बात की और कन्फर्म किया कि 'स्त्री 3' 2028 में आएगी और राजकुमार राव इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के जरिए फिर दर्शकों के बीच धूम मचाएंगे। दिनेश विजान ने हाल ही में ये खुलासा किया। इवेंट के दौरान दिनेश विजान और राजकुमार राव ने फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म से लेकर अब तक के सफर के बारे में बात की और फिल्म के तीसरे भाग से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्देशक अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि फिल्म में वो सारी जानी-पहचानी चीजें होंगी जिन्हें दर्शक 'स्त्री' से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसकी कहानी अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और इस बार भी फिल्म में राजकुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

# 'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आएंगी सोनाक्षी

*सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है।*



**नई दिल्ली।** काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण'में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है।

## मनोरंजन का लगेगा मेला, लॉन्ग वीकेंड की बोरियत की होगी छुट्टी

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। अक्टूबर का महीना सिनेप्रेमियो के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये ही वह मंथ है, जब कई बड़ी फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्टूबर के महीने की पहली फ्राइडे रिलीज की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें कुल 9 सीरीज और फिल्में शामिल हैं।*

**दृश्यम 3 :** अक्टूबर की पहली सबसे बड़ी रिलीज फिल्म अजय देवगन की दृश्यम 3 है, जो अपनी तीसरी इंस्टॉलमेंट के साथ लौट रही है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में इस बार विजय सलगावकर का किस्सा आर या पार होने वाला है। उन पर एक नहीं, बल्कि कई पुलिस ऑफिसर्स की नजर है। दृश्यम 3 में उनके साथ मुख्य भूमिका में जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म-थिएटर्स, जॉनर- सस्पेंस थ्रिलर।

**लव :** क्या हो जब दो अलग-अलग डेटिंग एप के फाउंडर प्यार को लेकर अपनी थियोरी रियल लाइफ में टेस्ट करें तो? यही है #लव की कहानी, जिसमें ऐश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एक तरफ जहां तारा का मानना है कि प्यार कैलकुलेशन से होता है, तो वहीं मैथ्यू बिल्कुल अलग सोच का है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- रोमांटिक।

**बेथलहम कुडुम्बा यूनिट :** 'बेथलहम कुडुम्बा यूनिट' में ममिता बैजू और निविन पॉली ने मुख्य भूमिका निभाई है। कहानी एक ऐसे अनोखे रोमांस के बारे में है, जो किसी भी छोटे से समाज या मोहल्ले में फैल जाती है। जहां परिवार से कोई भी बात नहीं छुपती है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।



**पूजा मेरी जान :** पूजा मेरी जान एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी कोर्टरूम के इर्द-गिर्द घूमती है। पूजा की जिंदगी की परतों को खोलती कहानी में उसकी पूरी लाइफ तब बदल जाती है, जब उसके द्वारा रिजेक्ट किया गया लड़का सुसाइड कर लेता है। इस कारण उसे सीरियस लीगल ट्रबल झेलना पड़ता है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

**डूइंग लाइफ :** फीचर फिल्म डूइंग लाइफ की कहानी अनिका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-थलग हुए परिवार को एक साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसकी बातचीत जेल में बंद एक कैदी से होती है। फिल्म का निर्देशन टेलर पेरी ने किया है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

**प्रेम कीटाणु :** यह एक हिंदी भाषीय रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहानी उत्तर प्रदेश के उन दोस्तों की कहानी है, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अचीव नहीं किया। स्कूल में उनके बुरे नंबर्स आए, प्यार में उनका दिल टूटा और साथ ही पेरेंट के प्रेशर को दिखाती ये कहानी बहुत ही मजेदार है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- कॉमेडी ड्रामा।

**वैरायटी :** हिंदी में जहां दृश्यम 3 सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाने आ रही है, तो वहीं कोलीन हूवर्स की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड फिल्म वैरायटी भी गांधी जयंती पर रिलीज हो रही है। यह एक हॉलीवुड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- साइकोलॉजिकल थ्रिलर।

**दुपहिया सीजन 2 :** धड़कपुर में एक बार फिर से चोरी को लेकर उथल-पुथल मचने वाली है। दुपहिया के सीजन वन को दर्शकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया था और अब अमेजन प्राइम वीडियो ने अब इसका दूसरा सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया है। नए सीजन में भोजपुरी स्टार निरहुआ भी हैं।

## खबर संक्षेप

### मातृ-शिशु सेवाओं और स्वास्थ्य जागरूकता पर संवाद



बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, हितग्राही सेवाओं तथा स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और हितग्राहियों ने सहभागिता की। सेवा सेतु के माध्यम से विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में सक्षम योजना के तहत हितग्राहियों को 40 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। गर्भवती माताओं की गोदभराई कर उन्हें पौष्टिक एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया गया।

### धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस ने लगाए आपत्तिजनक नारे

अनूपपुर। जिला मुख्यालय अनूपपुर मे कांग्रेस द्वारा बिना अनुमति धरना ,प्रदर्शन करने, कलेक्ट्रेट परिसर मे प्रवेश करने और आपत्तिजनक नारे लगा कर सामाजिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने पर लोगों मे नाराजगी है। बुधवार कांग्रेस पदाधिकारियों,कार्यकतार्ओं ने कलेक्ट्रेट तक बिना अनुमति रैली निकाल कर संघ के विरुद्ध आपत्तिजनक नारे लगाए। नारे काफी आपत्तिजनक और भडकाऊ थे। इसके विरुद्ध भाजपा जिलाध्यक्ष हीरासिंह श्याम सहित बहुत से लोगों ने आपत्ति करते हुए नाराजगी व्यक्त की है। वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेन्द्र सिंह सेंगर ने एसडीएम अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस द्वारा बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा से आपत्तिजनक नारे लगाने की शिकायत करते हुए विधिसंगत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### महापुरुषों को नमन करते हुए उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया

# गांधी-शास्त्री जयंती पर महापुरुषों को नमन, श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के नेतृत्व में संयुक्त जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। इस अवसर पर श्रमिकों का सम्मान कर उनके श्रम और सामाजिक योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की शुरूआत हजारी चौक के सामने स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को स्मरण किया गया। समारोह में उपस्थित कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव और समानता के संदेश तथा शास्त्री के जय जवान, जय किसान के विचारों को जनजीवन के लिए प्रासंगिक बताया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता की दिशा में नेतृत्व दिया। रूमा चटर्जी एवं निर्मला चतुर्वेदी ने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचार तथा शास्त्रीजी की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में रवि जैन, गोपाल गुप्ता, नीलिमा श्यामल, अभिषेक वर्मा, व्यंकटेश सिंह, स्नेहिल शुक्ला, शुभम सिंह, भावेश जैन, ममता रजक, अजीत सिंह, रामगोपाल यादव, संजय यादव, केडी, संतोष वर्मा, चंद्रमणि, देव, कृष्ण चौधरी, सुलेमान खान, साबिर खान एवं सोनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय में गांधी एवं शास्त्री जयंती पर स्वच्छता शपथ



बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता शपथ एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप एवं स्टाफ द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद प्राचार्य ने छात्राओं एवं स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों, विचारों और देश निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर समाज को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी कनकलता पैकरा, डॉ. ज्ञान चन्द्र पाल, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव, भागवत प्रसाद साहू, खुशबू एवं प्रियंका ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने दोनों महापुरुषों के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों और उनके विचारों से छात्राओं को अवगत कराया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रिया श्रीवास्तव, सुनैना पैकरा, आरती सोनपाकर, अंजली देवांगन, दुलारी बाई सहित 57 छात्राएं तथा महाविद्यालयीन स्टाफ से रितेश कुमार गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह पैकरा एवं बिनयामिन लकड़ा उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



चरचा कॉलरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस कार्यकतार्ओं द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया और उनके बताए सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, हेमसागर यादव, राजेश्वर चंद्रा, सुमन दुबे, श्रवण सिंह, पूर्व एल्डरमैन नीता मिश्रा, संजय शर्मा, पंकज मिश्रा, जागृति कुर्रे, सत्यनारायण मोदी, पार्षद लाल मोहम्मद, साकिर रजा, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी का पूरा जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने देशवासियों को सत्य और अहिंसा के माध्यम से अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने का रास्ता दिखाया। उनके विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायी हैं।



## 240 श्रमिकों को मिला करीब 53 लाख रुपए का योजनागत लाभ

बैकुण्ठपुर। सेवा को संकल्प में बदलाव के लिए किसी यज्ञ की जरूरत नहीं होती बल्कि इच्छा शक्ति, और आम लोगो की सेवा ही सबसे बड़ा यज्ञ हो जाता है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए बैकुंठपुर में श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। महासम्मेलन के दौरान श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की गई। महासम्मेलन में विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 52 लाख 63 हजार रुपये की सहायता राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में 12 श्रमिकों को प्रतीकात्मक रूप से चेक भी प्रदान किए गए। योजनावार लाभान्वित श्रमिकों में मिनीमाता महतारी जतन योजना के 103, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के 43, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के 63, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के 20 तथा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के 3 श्रमिक शामिल हैं। इस प्रकार कुल 240 श्रमिकों को 52 लाख 63 हजार रुपये की सहायता राशि का लाभ मिला। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर नरेश प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े तथा श्रम पदाधिकारी सुश्री तनुजा मांझी सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। ई-केवाईसी और स्वास्थ्य जांच भी-महासम्मेलन के दौरान लगभग 100 श्रमिकों का ई-केवाईसी किया गया।




### गांधी जयंती पर प्रभारी मंत्री राष्ट्रपिता और पूर्व पीएम को किया नमन



मनेन्द्रगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज मनेन्द्रगढ़ के गांधी चौक स्थित स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले, कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने दोनों महान विभूतियों के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और जनसेवा के माध्यम से देश को नई दिशा दी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा की मिसाल कायम की।

